कृपया प्रकाशनार्थ

२० मार्च २०११

चर्चगेट - डहानू लोकल क्यों शुरु नहीं हो सकती?

रेल्वे बोर्ड अध्यक्ष से राम नाईक का सवाल

मुंबई, रविवार: "विरार - डहानू रोड रेल मार्ग चौडा करने का काम अब पुरा हुआ है. इतनाही नहीं तो एमयुटीपी - १ के तहत आनेवाले सभी ईएमयु रेक्स भी आ गयें हैं ऐसा मुंबई रेल विकास प्राधिकरण (MRVC) का कहना है. फिर भी चर्चगेट - डहानू लोकल क्यों शुरु नहीं हो सकती?", ऐसा सवाल पूर्व रेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राम नाईक ने रेल बोर्ड के अध्यक्ष श्री विवेक सहाय से किया. चर्चगेट - डहानू लोकल एक महिने के अंदर शुरु नहीं हुआ तो यात्री अपना गुस्सा निकालेंगे ऐसी चेतावनी भी श्री राम नाईक ने दी.

श्री राम नाईक ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में मुंबई उपनगरी रेल यात्रीयों की समस्याओं को उजागर करने के लिए रेल बोर्ड के अध्यक्ष श्री विवेक सहाय से भेंट की. भाजपा उत्तर पश्चीम जिले के पूर्व अध्यक्ष श्री सुमंत घैसास भी उस समय श्री नाईक के साथ थे. विरार - डहानू रोड रेल मार्ग का काम अब पुरा हुआ है. इतनाही नहीं तो एमयुटीपी - १ के तहत आनेवाले सभी ईएमयु रेक्स भी आ गयें हैं ऐसा मुंबई रेल विकास प्राधिकरण (MRVC) का कहना है. अब चर्चगेट - डहानू के बीच लोकल गाडी चलाने में कोई भी कठीनाई होही नहीं सकती. पहलेही इस बारे में यात्री काफी नाराज हैं, अपना गुस्सा भी दिखा चुके है. अब अगर काम पुरा हौने पर भी चर्चगेट -डहानू के बीच लोकल गाडी शुरु नहीं हुई तो यात्री जबरदस्त आंदोलन छेडेंगे, ऐसी चेतावनी भी श्री नाईक ने दी. वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में एमयुटीपी - १ के तहत इस काम के लिए रु. २९ करोड का प्रावधान किया गया था. जून २००७ को यह काम पुरा हो जाना चाहिए था. अब रु.५० करोड खर्चा कर काम तो पुरा किया है मगर चर्चगेट - डहानू के बीच लोकल गाडी चलाने में अब भी रेल प्रशासन आनाकानी क्यों कर रहा है ऐसा सवाल श्री नाईक ने उठाया.

रु.६ करोड की लागत से ओशिवरा रेल स्थानक बनाने का भी तय हुआ था. मार्च २००८ में ही यह काम पुरा होना चाहिए था. अब इस काम के लिए पाच गुना ज्यादा याने रु. ३२ करोड खर्चा आनेवाला है इस बात की ओर भी श्री नाईक ने रेल बोर्ड के अध्यक्ष श्री सहाय का ध्यान आकर्षित किया. जोगेश्वरी में बन रहे फ्लाय ओवर का काम पुरा होने के बाद स्टेशन का काम पुरा करेंगे ऐसा रेल प्रशासन कह रहा है. यह रवैया ठीक नहीं है ऐसा भी श्री नाईक ने रेल बोर्ड के अध्यक्ष को साफ कह दिया. मुंबई उपनगरी रेल यात्रीयों की अन्य समस्याओं से भी श्री नाईक ने रेल बोर्ड के अध्यक्ष को अवगत किया.

उपनगरी यात्रीयों की समस्याओं में विशेष रुप से चर्चगेट - डहानू के बीच लोकल गाडी चलाने के विषय में ध्यान देने का आश्वासन श्री राम नाईक को रेल बोर्ड के अध्यक्ष ने दिया.

(कार्यालय मंत्री)